# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, रविवार 14 सितंबर 2025





तैयारी : सफाई अभियान और पौधारोपण होगा

# प्रधानमंत्री के जन्म दिन पर भाजपा का सेवा पखवाड़ा 17 से

हरिभूमि न्यूज ⏭ साजा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिवस 17 सितम्बर से लेकर 2 अक्टूबर तक चलने वाले सेवा पखवाड़ा के सफल संचालन के लिए साजा मंडल में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सेवा पखवाड़ा प्रभारी हर्षवर्धन तिवारी मंडल अध्यक्ष बुलाक सिंह साहू, नगर पंचायत अध्यक्ष हिमांशु वर्मा, उपाध्यक्ष प्रेरणा सौर्यजीत सिंह, जनपद अध्यक्ष जितेंद्र साहू, विधायक प्रतिनिधि जनपद पंचायत साजा नेतराम साहू, मंडल संयोजक ज्वाला सिंह ठाकुर, सहसंयोजक मनोहर साहू, महामंत्री लेखपाल यदु, अरुण वर्मा, पूर्व मंडल अध्यक्ष बल्लूराम साहू, मंडल उपाध्यक्ष एवं मंडल के सभी पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित रहे।

बैठक में सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत होने वाले कार्यक्रमों की विस्तृत रूपरेखा तय की गई। सेवा, समाजहित और संगठन की मजबूती पर गहन चर्चा की गई तथा सभी पदाधिकारियों ने सेवा पखवाड़ा को ऐतिहासिक व सफल बनाने का संकल्प लिया।



### पर्यावरण संरक्षण का दिया जायेगा संदेश

25 सितम्बर को सभी कार्यकर्ता 1–1 पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश देंगे। अक्टूबर को महात्मा गांधी की जयंती पर सत्य और अहिंसा के उनके महान योगदान को स्मरण किया जाएगा, साथ ही स्वदेशी वस्त्र व खादी के उपयोग के लिए प्रेरित किया जाएगा। 2 अक्टूबर को ही लालबहादुर-शास्त्री जी की जयंती पर उनके जीवन से प्रेरणा लेकर जय जवान जय किसान के मंत्र को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया जाएगा।

प्रभारी हर्षवर्धन तिवारी ने बैठक में निर्देश दिए कि 17 सितम्बर को सभी देवस्थलों की विशेष सफाई अभियान चलाया जाएगा। प्रत्येक मंडल में 75–75 पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया जाएगा। अधिक से अधिक कार्यकर्ताओं को सेवा कार्यों से जोड़ने हेतु प्रेरित किया जाएगा। स्वस्थ शिविर का आयोजन कर आमजन को स्वास्थ्य सेवाओं से लाभान्वित किया जाएगा।


कार्यकर्ताओं एवं समाज के लोगों को प्रेरित किया जाएगा, ताकि स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा मिल सके युवा वर्ग को जोड़ने हेतु खेल-कूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। 25 सितम्बर को पं. दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर विशेष कार्यक्रम आयोजित कर अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने का संकल्प लिया जाएगा।

# नपं भिंभौरी में खेलो इंडिया कबड्डी प्रशिक्षण पर उठे सवाल, मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं खिलाड़ी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बेरला



केंद्र सरकार की योजना अंतर्गत नगर पंचायत भिंभौरी में खेलो इंडिया लघु प्रशिक्षण कबड्डी में अनियमितता पर सवाल खड़ा हो रहे है। गौरतलब हो कि नगर पंचायत भिंभौरी में सत्र 2022-23 में केन्द्र सरकार के योजना के अंतर्गत खेलो इंडिया लघु प्रशिक्षण के तहत कबड्डी प्रशिक्षण प्रारंभ किया गया है। जिसमें 15 बालक और 15 बालिका का चयन कर उनको प्रशिक्षण प्रदान किया जाना है। लेकिन आज तक इनमें से किसी भी खिलाड़ी को उनकी मूलभूत सुविधा जैसे ट्रेनिंग उपकरण, जरसी, जूता इत्यादि कि खेल समान के अभाव के कारण खिलाड़ी वंचित है। मूलभूत सुविधा के लिए शासन-प्रशासन की ओर राशि भेजने के बाद भी व्यवस्था नहीं होना खेल विभाग पर बड़ा सवाल का प्रश्न चिन्ह लग रहा है। स्थानीय नगर वासियों व खिलाड़ियों ने दुर्ग सांसद विजय बघेल को इस समस्या को लेकर ज्ञापन सौंपा गया। इसके बावजूद अभी तक कोई कार्यवाही न ही समाधान हुए है। उक्त आवेदन को संज्ञान में लेकर संबंधित विभाग खेल एवं युवा कल्याण विभाग बेमेतरा से त्वरित कार्यवाही की मांग के लिए अपील की है। जिससे खिलाडियो को उनकी मूलभूत सुविधा प्राप्त हो सके।



उल्लेखनीय है कि नगर पंचायत भिंभौरी में खेलों इंडिया लघु प्रशिक्षण केंद्र अंतर्गत कार्यालय का नाम कार्य एजेंसी ग्राम पंचायत बोरिया द्वारा किया गया। वही सूचना बोर्ड में कार्यालय का नाम ग्राम पंचायत बोरिया लिखा गया। इससे स्थनीय नगर वासी में आक्रोश व्याप्त हो रहे है। वित्तीय वर्ष 2023-24 में निर्माण खेलो इंडिया कार्यालय की निर्माण 3.99 लाख के है। जिसमें चेंजिंग रूम 2.20लाख रुपये, लेवलिंग कार्य 0.84लाख रुपये, शौचालय निर्माण 0.95 लाख रुपये का निर्माण कार्य हुआ है। नगर वासियों का कहना है कि राशि का सही उपयोग नहीं हुआ है जितना राशि लगा है उससे कम मटेरियल की उपयोग हुआ है। संबंधित विभाग से मिली जानकारी के अनुसार इस कार्यालय में कम्प्यूटर, बायोमेट्रिक मशीन व सीसीटीवी कैमरा दिया गया। लेकिन वहां ऐसा कुछ दिखाई नहीं रहे है क्योंकि जब भी दबिश दिया गया सुबह 6 से 10 बजे और शाम 3:30 से 6 बजे तक देखने से पता चला कि किसी दिन आते है किसी दिन नहीं। नगर के प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि कभी खिलाड़ी रहते है तो कभी कोच। मनमानी तरीके से आना-जाना किया जाता है। जिनकी जानकारी संबंधित विभाग को नहीं पता।

पेज 3 के शेष...

### कनिष्ठ अभियंताओं...

युवाओं के हित में थी। ज्ञापन सौंपे जाने पर विधायक दीपेश साहू ने अभियंताओं की समस्याओं को गंभीर बताते हुए कहा कि वे इस विषय को शासन स्तर पर उठाएंगे और सकारात्मक समाधान हेतु प्रयास करेंगे। ज्ञापन सौंपने वालों में विद्युत विभाग के एई गुलाब साहू, जे ई शिवांजल शर्मा, रिचा रॉय, अभितोष घोष, हरीश फैरवी, मोहन बैरागी, चंद्रकांत साहू शामिल थे।

### लोक अदालत में...

क्राइम एवं मोटर दुर्घटना से संबंधित विषयों पर विधिक जानकारी दी गई। पक्षकारों की सुविधा हेतु बैठक व्यवस्था, पेयजल तथा प्राधिकरण की गतिविधियों की झलकियां भी प्रदर्शित की गईं। लोक अदालत में आये पक्षकारों को पौधों का निःशुल्क वितरण कर प्रोत्साहित किया गया।

**प्रमुख प्रकरणों का निराकरण**- मोटर दुर्घटना दावा प्रकरणः मृतक मनहरण लहरे की दुर्घटना मृत्यु पर बीमा कंपनी द्वारा परिजनों को रु 20,00,000 क्षतिपूर्ति दी गई। निष्पादन प्रकरणः श्रीराम ट्रांसपोर्ट फाइनेंस कंपनी लिमिटेड के मामले में 8,32,964 के स्थान पर रु 50,000 में समझौता। चोलामंडलम फाइनेंस कंपनी के मामले में रु 2,46,780 की जगह 1,82,000 में समझौता हुआ। चेक अनादरण **आपराधिक अपील**ः आरोपी को मूल न्यायालय ने 3 माह कारावास व रु 3,50,000 प्रतिकर का आदेश दिया था। लोक अदालत में आपसी समझौते से मामला रु 3,00,000 में निराकरण हुआ। पति-पत्नी व भाई-भाई के झगड़ेः न्यायाधीशों की समझाइश से आपसी राजीनामा कर लंबे समय से चले आ रहे विवाद समाप्त किए गए। विद्युत विभाग प्रकरणः विष्णु यदु की भैंस करंट लगने से मृत होने पर विभाग ने रु 32,800 मुआवजा दिया।

पिता-पुत्र विवादःभूमि विवाद मामले में पुत्रों ने पिता के जीवनपर्यंत सेवा व साथ निवास का आश्वासन देकर समझौता किया।

**परिवार न्यायालय में 28 प्रकरणों का निराकरण, 8 परिवार हुए एक-** कुटुम्ब न्यायालय बेमेतरा में कुल 28 प्रकरणों का निपटारा हुआ, जिनमें से 08 दंपत्तियों को पुनः साथ भेजा गया। 63 वर्षीय विधवा मां ने पुत्रों के विरुद्ध परवरिश का मामला दायर किया था। न्यायालय की समझाइश पर पुत्रों ने मां से माफी मांगकर परवरिश का आश्वासन दिया। 09 वर्ष साथ रहने के बाद तलाक का मामला दायर करने वाले पति-पत्नी ने बच्चों की खातिर विवाद समाप्त किया। 20 वर्ष साथ रहने के बाद अलग रह रहे दंपत्ति ने आपसी सहमति से मामला समाप्त किया। न्यायाधीश नीलिमा सिंह बघेल ने काउंसलिंग व समझाइश देकर दंपत्तियों को पुनः जोड़ा। विदा के समय उन्हें नारियल, तुलसी का पौधा एवं सप्तपदी के सात वचन भेंट किए गए।

न्यायालय नायब तहसीलदार, देवरबीजा, तहसील बेरला जिला-बेमेतरा

// ईश्तहार //

रा.प्र.क्रं.../अ-06-अ / वर्ष 2024-25

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक नागेन्द्र कुमार शर्मा पिता स्व. कमला प्रसाद शर्मा निवासी ग्राम संडी तह. बेरला जिला बेमेतरा स्थित है ग्राम सण्डी, हल्का नं. 11, रा.नि.मं. कोदवा, तहसील बेरला, जिला बेमेतरा में जय सिद्धी माता मूर्ति मंदिर सार्वजनिक समिति के नाम पर वर्तमान में कुल खसरा नंबर 12 कुल रकबा 3-1100 हे. लगानी 8-8500 रूपये के रूप में राजस्व अभिलेखों में दर्ज है। सर्वराकार के रूप में रामकुमार पिता रामस्वरूप नाम दर्ज है। भूमि का पूर्ण विवरण इस आवेदन पत्र के साथ संलग्न है जो कि अनुसूची "अ" में दर्शाया जा रहा है, अनुसूची "अ" को आवेदन पत्र का अंग माना जावे। जिनका ख.न. 1115/3, 1118, 1441, 1443, 1449, 1452/1, 1452/2 1453/1, 1453/2, 1454/2, 1454/3, 1505/2 रकबा 0.1500, 0.9700, 0.1300, 0.3900, 0.2100, 0.4000, 0.1900, 0.3600, 0.0200, 0.0500, 0.0800, 0.1600 लगान 8.8500 वर्तमान सर्वराकार मंदिर समिति का अध्यक्ष भी है। साथ ही साथ अध्यक्ष के भी दायित्वों का निर्वहन करने में पूर्ण रूप से सक्षम नहीं है। मंदिर में भक्तों एवं श्रद्धालुओं के द्वारा दान पेटियों में तथा नगद राशि चढाया जाता है, साथ ही ज्योति की राशियों का वर्तमान सर्वराकार एवं समिति के अन्य सदस्यों के द्वारा दुरूपयोग करते हुए व्यक्तिगत हित के रूप में प्रयोग किया जा रहा है। आवेदक ग्राम सण्डी का कास्तकार है तथा अधिकांश ग्रामवासी यह चाहते है कि शीघ्रताशीघ्र वर्तमान सर्वराकार को हटाते हुए नये सर्वराकार की नियुक्ति किये जाने हेतु यह आवेदन पेश किया है।

इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति / संस्था को आपत्ति हो वह नियत दिनांक 29/09/2025 तक स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से लिखित में आपत्ति अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकते है। नियत दिनांक के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा ।

आज दिनांक 01/09/2025 को न्यायालय की पद मुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से ईश्तहार जारी किया ।

मुहर

तहसीलदार
देवरबीजा, जिला-बेमेतरा

### जल विभाग प्रभारी लीना देवांगन ने मौके पर पहुंचकर दिए सुधार के निर्देश

# बघेरा रेलवे क्रॉसिंग के पास लीकेज दुर्ग निगम ने शुरू किया मेंटनेंस

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

शहर में पेयजल सप्लाई व्यवस्था दुरुस्त करने के लिए लीकेज का मेंटेनेंस शुरू कर दिया है। इसे लेकर अभियान चलाया जा रहा है। शुक्रवार को बघेरा रेलवे क्रॉसिंग के पास सामने आए 400 एमएम पाइपलाइन के लीकेज का संधारण शुरू किया गया।

बता दें कि यह पाइप बघेरा पानी टंकी से जुड़ा हुआ है, जिससे शहर के 7 प्रमुख वार्डों में पेयजल की सप्लाई होती है। लीकेज की वजह से कई वार्डों तक पानी नहीं पा रहा था। इसके देखते हुए यह मेंटेनेंस शुरू कराया गया। नगर निगम के जलगृह विभाग द्वारा रिपेयर कार्य कराया जा रहा है। इसके अलावा बघेरा टंकी से जुड़ी पाइप लाइन में कुछ और जगहों पर भी लीकेज को सुधारा जा रहा है। इसके मरम्मत के लिए चरणबद्ध रूप से कार्य किया जा जा रहा है। जानकारी के मुताबिक पूरे शहर में 20 से ज्यादा जगहों पर सामने आए बड़े लीकेज का मेंटेनेंस किया जा रहा है। बघेरा टंकी का मुख्य वाल्व भी लीकेज है, जिसका भी संधारण कार्य किया जा रहा है। जानकारी के मुताबिक बघेरा टंकी शहर की सबसे बड़ी पानी टंकी है, जिसमें लगभग 7 से अधिक वार्डो में पानी सप्लाई होती है। पिछले कुछ दिनों से गया नगर, राजीव नगर, मठपारा रामनगर क्षेत्र में प्रेशर से पानी नहीं पहुंच रहा था। इसके बाद मेंटेनेंस का निर्णय लिया गया। जल विभाग प्रभारी लीना दिनेश देवांगन ने स्थल का निरीक्षण किया। रिपेयर कार्य में तेजी लाने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने चल रहे कार्यों का अवलोकन किया। अधिकारियों को आवश्यक निर्देश भी दिए। इस अवसर पर वार्ड पार्षद ललित ढीमर, उप अभियंता विनोद मांझी अन्य मौजूद थे।



### शहर के अन्य हिस्सों में भी लीकेज, कराया जा रहा मेंटेनेंस

जानकारी के मुताबिक बोरसी, पोटिया सहित बघेरा की सप्लाई लाइन की टंकियों में अनेक जगह लीकेज की शिकायत आई थी, जिसके कारण सुचारू रूप से पानी की आपूर्ति प्रभावित हो रही थी। इसको ध्यान में रखते हुए महापौर अल्का बाघमार के निर्देश पर मरम्मत अभियान चलाया जा रहा है। इसमें वार्ड 51 प्रदिप्ती नगर, बोरसी वार्ड 52, बोरसी बस्ती, वार्ड 53 न्यू आदर्श नगर, पोटिया सहित अनेक क्षेत्र में विगत दिनों लीकेज को सुधारा गया। अब बघेरा टंकी के फूटे सप्लाई लाइन को भी दुरुस्त किया जा रहा है।

# गायत्री जोगी को मिला मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव अलंकरण सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बेमेतरा



बीआईटी आडिटोरियम दुर्ग में शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य में गायत्री जोगी प्रधान पाठक शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला राखी विकासखंड साजा को संभाग स्तरीय मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव अलंकरण सम्मान के अंतर्गत उत्कृष्ट प्रधान पाठक के तौर पर सम्मानित होने का गौरव प्राप्त हुआ। यह सम्मान विशिष्ट प्रतिभा संपन्न शिक्षक के रूप में समाज की बहुमूल्य सेवा के लिए शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव, दुर्ग लोकसभा सांसद विजय बघेल ने प्रदान किया गया। यह सम्मान गायत्री जोगी को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए दिया गया। उन्होंने अपने स्कूल के बच्चों के सर्वांगीण विकास पर विभिन्न गतिविधियों का प्रयोग करते हुए कई नवाचार जैसे ज्यामितीय किचन गार्डन, डिजिटल स्मार्ट क्लास, विज्ञान क्लब, गणित क्लब, सक्रिय मुस्कान पुस्तकालय, मैदान में छत्तीसगढ़ राज्य का नक्शा निर्माण कराया गया है। जिसमें बच्चे शिक्षण सहायक सामग्री द्वारा स्वयं करके सीखते है कि कौन सा जिला कहां है। साथ ही वृक्षारोपण के द्वारा बच्चों को पर्यावरण से जोड़ने का प्रयास भी अनवरत किया जाता रहा है। पालकों को विद्यालय से जोड़ने हेतु बच्चों की जानकारी और गृहकार्य वाट्सअप ग्रुप के द्वारा भेजा जाता है, जिससे पालकों में जागरूकता बढ़ी है। उन्होंने कार्यक्रम के अतिथि एवं अधिकारी जनों सहित जिले के जिला शिक्षा अधिकारी जी आर चतुर्वेदी, डाइट प्राचार्य जे के घृतलहरे, सहायक संचालक एसपी कोशले, साजा विकासखंड शिक्षा अधिकारी निलेश चंद्रवंशी, बीआरसी बी डी बघेल, संकुल प्राचार्य अनिल डाहले ,संकुल समन्वयक कुंजाम और शिक्षक शिक्षिकाओं का आभार व्यक्त किया है।

# कृष्णनगर स्कूल में 7 लाख से बनेगा अतिरिक्त कक्ष



**भिलाई।** शासकीय विद्यालय कृष्णा नगर में समग्र शिक्षा अंतर्गत 7 लाख रुपए की लागत से अतिरिक्त कक्ष का निर्माण किया जाएगा। शुक्रवार को इसकी भूमिपूजन किया गया। कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष पुरुषोत्तम देवांगन, मदन सेन, पार्षद राजेंद्र बंजारे, शैलेंद्र सिंह, महावीर वर्मा सहित अन्य मौजूद थे। भूमिपूजन कार्यक्रम में प्राचार्य शिखा तिवारी, प्रधान पाठक शुभ्रा भट्टाचार्य ने शाला की गतिविधियों से अवगत कराया। निर्माण एजेंसी को कार्य की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान रखने के लिए कहा गया।

### सेजस निकुम की माही का राज्य स्तरीय शतरंज स्पर्धा के लिए चयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ निकुम

स्वामी आत्मानंद एक्सीलेंस स्कूल निकुम की कक्षा आठवीं की स्टूडेंट माही चौधरी अपनी प्रतिभा से विद्यालय व अंचल का मान बढ़ाया है। 25 वीं राज्य स्तरीय स्तरीय प्रतियोगिता मुंगेली में 16 सितंबर से 19 सितंबर तक के अंडर 14 में दुर्ग जिले से भाग लेगी। विद्यायल के पी टी आई महेश्वर साहू के मार्गदर्शन में माही चौधरी ने यह सफलता हासिल की है। जिसमे विद्यालय के प्राचार्य श्री मति एस. देवराजन, प्रबंधन समिति अध्यक्ष निकुम भूपेंद्र सोनी, सेजस एक्सीलेंट पालक समिति निकुम अध्यक्ष दिलीप साहू , टीचर्स खुशबू मिश्रा , डॉ दिव्या पवार, दीपक खत्री, साक्षी साहनी, नेहा पिल्ले, ऋषि देशमुख और हर्षा सिन्हा सहित सभी ने इस उपलब्धि पर शुभ कामनाये ने दी।



# गुरु महोत्सव ज्ञान का उत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंडा



- नई पहल में सम्मानित किए गए शिक्षकगण

दुर्ग ग्रामीण क्षेत्र ग्राम पंचायत कोड़िया के स्कूल में 'नई पहल' की शुरुआत की गई। जिस में संकुल स्तरीय भव्य शिक्षक सम्मान समारोह आयोजित कर लगभग 52 शिक्षकों का प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि श्रवण सिन्हा बीआरसी ने कार्यक्रम की सराहना की। विशेष अतिथि कोड़िया स्कूल के प्राचार्य नीलमणि उजवने , प्राचार्य एच एल जांगड़े, कोड़िया संकुल समन्वयक छगन लाल गेंद्रे, संकुल समन्वयक पाऊवारा रंजना देशमुख, एच एम मिडिल स्कूल कोड़िया सुधा राय व भानपुरी मिडिल स्कूल एच एम रंजना यदु, प्राइमरी स्कूल एच एम महेश कुमार साहू, कोकड़ी मिडिल स्कूल एच एम महावीर चंद्राकर , प्राइमरी स्कूल एच एम संदीप यादव के साथ कोडिया संकुल से कोड़िया कोकड़ी और भानपुरी के के सभी शिक्षक गण शामिल हुए । कार्यक्रम में विभिन्न प्रकार के मनोरंजक खेल गोली चम्मच, पेन क्रीड़ा जैसे खेल में शिक्षक गण प्रतिभागी बने। कार्यक्रम में अध्यक्षता जनपद उपाध्यक्ष राकेश हिरवानी ने की। साथ ही कोड़िया सरपंच खुमान निषाद और कोकड़ी सरपंच युगल चंद्राकर जी एसएमडीसी अध्यक्ष आनंद चंद्राकर ,उपसरपंच कुलेश्वर निर्मलकर, पंच ज्ञानेश्वर साहू ,समाजसेवी आदित्य भारद्वाज , पिंटू यादव और 11 वीं और 12वी के के बच्चो के सहयोग से कार्यक्रम सफल हुआ।

### शांति कुंज हरिद्वार से लाया गया दिव्य शक्ति कलश

**बेरला।** 108 कुंडीय विश्व कल्याण गायत्री महायज्ञ 1100 गर्भवती बहनों का गर्भोत्सव संस्कार महोत्सव एवं 108 जोड़ा आदर्श विवाह संस्कार समारोह के लिए शक्ति कलश लेकर सिलघट सहित क्षेत्र से लगभग 130 परिजन शांतिकुंज हरिद्वार से बीते दिनों लौट कर आ गए। गायत्री परिवार के दुर्गा प्रसाद टिकरिहा ने आयोजन के सम्बंध में जानकारी देते हुए बताया कि आचार्य श्री राम शर्मा एवं भगवती देवी शर्मा के संरक्षण में अखिल विश्व गायत्री परिवार शांति कुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन तथा महिला, बालविकास विभाग छत्तीसगढ़ शासन के विशेष सहयोग से 10 से 13 दिसम्बर तक आयोजित होगा। इसके लिए शांति कुंज हरिद्वार से शक्ति कलश लाया गया, जो शिव मंदिर भिभौरी में दर्शन हेतु रखा गया है। ज्योति कलश लाने शांतिकुंज हरिद्वार जाने वाले लोगों में क्षेत्र से प्रमुख रूप से डॉ. खोमराम साहू समन्वयक गायत्री परिवार जिला बेमेतरा, बसंत वर्मा समन्वयक नवागढ़ ब्लाक, तोरण नायक पूर्व राजप्रधान धमधा राज, सत्यभामा परगनिहा राज प्रधान धमधा राज, प्रेम लाल वर्मा पूर्व राजप्रधान धमधा राज, धर्मेंद्र वर्मा राजमंत्री धरसीवा राज, शशांक राव, खुमान सिंह साहू, परदेशी साहू, गाजी राम साहू, धारणी साहू, लक्ष्मी साहू, छाया साहू अहिवारा, देवकी मढरिया, हेमलता बंछोर भिलाई, चंद्रहास वर्मा, हर्ष लता वर्मा पूर्व जनपद सदस्य, यशवंत वर्मा, रूपेश्वरी वर्मा, हिमानी वर्मा, चंपु वर्मा, सुरेंद्र देवदास, लिंगेश्वरी, सोमेश टिकरिहा, देवेश टिकरिहा, ईश्वर टिकरिहा, प्राची, मेघा परगनिहा, कुसुम, कमला, लुकेश्वरी, माधुरी परगनिहा, किशोर साहू, कुंती साहू, छबी साहू, राही साहू पार्षद, राजेन्द्र वर्मा, यमुना वर्मा, टिकम वर्मा, महेंद्र पाटिल, कुसुम पाटिल, प्रमोद पाटिल, सुरेखा, प्रतिमा वर्मा, बद्री परगनिहा, महेश्वरी धीवर पूर्व सरपंच भिभौरी, कमलेश्वरी यादव, प्रेमिन यदु, उर्मिला वर्मा, कीर्ति परगनिहा, हेमा धीवर, बिसाहिन यादव, भूवनेश्वरी धीवर, रमा साहू, शारदा कौशिक, संतोषी यादव, बसंती पाटिल भिभौरी आदि मौजूद रहे ।

रेलवे द्वारा गुरुवार को तोड़ी गई थी दुकानें और मकान, आरोप दस मकानों को बिना नोटिस गिराया

# विस्थापन की मांग को लेकर स्टेशन चौक के व्यापारी व रहवासी पहुंचे पालिका

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुम्हारी

कुम्हारी स्टेशन चौक में रेलवे द्वारा अवैध मकान और दुकानों पर चलाए गए बुलडोजर के विरोध में प्रभावित लोगों ने दूसरे दिन शुक्रवार को नगरपालिका पहुंचकर विरोध जताते हुए घेराव कर दिया।

नारेबाजी कर रहे प्रभावितों की शिकायत थी कि जिन 32 कब्जधरियों को रेलवे ने बेदखली का नोटिस जारी किया था उसके अलावा भी अन्य 10 मकानों को बिना किसी सूचना और जानकारी के तोड़ दिया गया, जिससे ये 10 परिवार पूरी तरह बेघर हो गए हैं। बारिश के इस मौसम इन परिवारों के पास सिर छुपाने की कोई जगह भी नही है, आखिर ये परिवार कहाँ जाएंगे ? पीड़ित परिवार के लोगों ने सांसद विजय बघेल और विधायक भूपेश बघेल से भी मुलाकात कर अलनी पीड़ा व्यक्त की।

इन परिवारों ने पालिकाध्यक्ष श्रीमती मीना वर्मा एवं मुख्यंगरपालिका अधिकारी नेतराम चन्द्राकर के समक्ष अपनी पीड़ा व्यक्त कर शीघ्र ही इन परिवारों के विस्थापन की गुहार लगाई है। फिलहाल इनमें से कुछ परिवारों को सामुदायिक भवन में रहने की इजाजत दी गई है साथ ही पालिका प्रशासन ने आश्वस्त किया है कि विचार विमर्श पश्चात शीघ्र ही इसका कोई हल निकाल लिया जाएगा।




### पीड़ितों के साथ हमारी संवेदना : मीना वर्मा

"जानकारी मिली कि रेलवे प्रशासन द्वारा सड़क चौड़ीकरण और सौंदर्यीकरण के लिए दुकानों को तोड़ा गया है लेकिन इसके साथ ही बिना किसी सूचना के लोगों के मकानों को तोड़ दिया गया है। हमारी संवेदना उन पीड़ित परिवारों के साथ है। शीघ्र ही सांसद, एस डी एम एवं तहसीलदार के साथ चर्चा कर कोई ठोस कदम उठाया जाएगा।

**मीना वर्मा**, अध्यक्ष नगरपालिका परिषद कुम्हारी

### शहर के नजदीक चिन्हित की जा रही शासकीय भूमि : चंद्राकर

"बेघर परिवारों के व्यवस्थापन हेतु पालिका द्वारा कोई खाली एवं शहर के नजदीक शासकीय भूमि को चिन्हित किया जा रहा है। साथ ही सब्जी विक्रेता सब्जी बाजार में जो शेड रिक्त है वहां सब्जी विक्रय कर सकते हैं।

नेतराम चन्द्राकर,
मुख्य नगरपालिका अधिकारी कुम्हारी

तापमान
अधिकतम 33.0 डिग्री
न्यूनतम 25.0 डिग्री

# हरिभूमि बेमेतरा भूमि

रायपुर, रविवार 14 सितंबर 2025

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

04 बिहार पटना साहिब गुरुद्वारा की यात्रा से लौटे



02 प्रधानमंत्री के जन्म दिन पर भाजपा का सेवा पखवाड़ा 17 से



## खबर संक्षेप



### कनिष्ठ अभियंताओं की पदोन्नति पर संकट विधायक को ज्ञापन

**बेमेतरा।** छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी लिमिटेड में कार्यरत कनिष्ठ अभियंताओं ने सहायक अभियंता पद पर पदोन्नति कोटे में किए गए बदलाव का विरोध किया है। इस संबंध में अभियंताओं ने बेमेतरा विधायक दीपेश साहू को ज्ञापन सौंपते हुए कोटा पुनः 70 प्रतिशत करने की मांग रखी। ज्ञापन की प्रतिलिपि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को भेजा गया है। ज्ञापन में कहा गया है कि मुख्य अभियंता रायपुर द्वारा 05 मई 2020 को जारी आदेश से पदोन्नति कोटे को घटाकर 70 से 40 प्रतिशत कर दिया गया है। इससे स्थानीय अभियंताओं की पदोन्नति की संभावनाएं कम हो रही हैं। अभियंताओं का कहना है कि पहले से कार्यरत कनिष्ठ अभियंता पदोन्नत होकर सहायक अभियंता बनने पर कंपनी पर कोई अतिरिक्त आर्थिक बोझ नहीं पड़ेगा। इसके विपरीत यदि नई भर्ती की जाएगी तो प्रशिक्षण, वेतन एवं भत्तों के कारण कंपनी पर ज्यादा खर्च आएगा। अभियंताओं ने बताया कि सहायक अभियंता पद पर भर्ती राष्ट्रीय स्तर पर होती है, जिससे छत्तीसगढ़ के युवाओं की संभावनाएँ घट जाती हैं। जबकि कनिष्ठ अभियंता पद पर केवल राज्य के स्थानीय युवा ही चयनित होते हैं, ऐसे में पुरानी व्यवस्था स्थानीय शेष पेज 2 पर

## लोक अदालत : जिला न्यायालय में नेशनल लोक अदालत का हुआ आयोजन

# लोक अदालत में 28 फैमिली प्रकरणों का निराकरण, 8 परिवार हुए गुलजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिला न्यायालय में वर्ष 2025 का तीसरा नेशनल लोक अदालत का आयोजन शनिवार किया गया। प्रधान जिला न्यायाधीश बृजेन्द्र कुमार शास्त्री द्वारा दीप प्रज्जवलन कर लोक अदालत का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर न्यायाधीश जनों, अधिवक्तागण एवं न्यायिक कर्मचारियों से अधिक से अधिक प्रकरणों का निराकरण करने प्रोत्साहित करते हुए कर श्री शास्त्री ने कहा कि लोक अदालत पक्षकारों के बीच लंबे समय से चली आ रही वैमनस्यता को समाप्त करने का उत्कृष्ट माध्यम है। यह राष्ट्र सेवा का कार्य है, जिसमें सभी को बढ़-चढ़कर सहभागिता करनी चाहिए। न्यायालय में लंबित मामलों का समाधान कर सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाना राष्ट्र के विकास में सहयोग है।

लोक अदालत में जिला न्यायालय प्रांगण में जिलेभर से आए पक्षकारो की सुविधा के लिए विधिक सहायता डेस्क, स्वास्थ्य डेस्क, स्वचलित चिकित्सकीय वेन तथा बैंक, विद्युत विभाग एवं फाइनेंस कंपनियों के डेस्क लगाए गए। आयोजन हेतु जिला न्यायालय में 8 खण्डपीठ तथा तहसील साजा न्यायालय में 1 खण्डपीठ गठित कर कुल 9 खण्डपीठ का गठन किया गया, जिनमें दो-दो सुलहकर्ता सदस्यों की नियुक्ति की गई। आयोजन में न्यायालयीन कर्मचारी, पैरालीगल वालंटियर्स, जिला प्रशासन, पंचायतें, नगर पालिका, विद्युत विभाग, बैंक सहित अन्य विभागों का सहयोग प्राप्त हुआ।

नालसा एवं सालसा योजनाओं व अभियानों के प्रचार-प्रसार हेतु जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बेमेतरा द्वारा न्याय वृक्ष, द्वार तोरण एवं रंगोली के माध्यम से कानूनी विषयों पर जागरूकता प्रदर्शनी लगाई गई। बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, बाल विवाह, बलात्कार पीड़िता सहायता, साइबर अपराध जैसे विषयों पर पाम्पलेट वितरित किए गए। प्रेरणादायक सुविचार तख्तियों के माध्यम से पक्षकारों को आपसी विवाद दूर कर समझौता करने हेतु प्रेरित किया गया। परिवार की महत्ता बताते हुए परिवार न्यायालय के पक्षकारों को समझाइश दी गई। साथ ही लघु फिल्मों का प्रसारण कर घरेलू हिंसा, लैंगिक अपराध, महिलाओं से छेड़छाड़, साइबर शेष पेज 2 पर






### 3 करोड़ 54 लाख 10 हजार रुपये की अवार्ड राशि वितरित

जिले में 9477 प्री-लिटिगेशन व लंबित प्रकरण निराकरण हेतु रखे गए थे। इनमें से राजस्व, विद्युत विवाद, बैंक एवं बीएसएनएल प्रकरणों का निराकरण कर कुल रु 39,88,867 की वसूली की गई। न्यायालय में लंबित 35 आपराधिक प्रकरण, 14 सिविल प्रकरण, 28 पारिवारिक प्रकरण, 26 एनआई एक्ट धारा 138 प्रकरण, 22 मोटर दुर्घटना दावा तथा 2319 अन्य प्रकरणों का निराकरण कर कुल रु 3,14,21,419 का अवार्ड पारित किया गया। इस प्रकार जिले में कुल रु 3,54,10,286 की समझौता राशि वसूली गई।



# एटीएम को गैस कटर से काटने की कोशिश, चोरी नाकाम



- मोटरसाइकिल सवार संदिग्ध कैमरे में कैद, पुलिस जांच में जुटी
- एटीएम का कैश लॉकर नहीं काट पाया चोर, यूपीएस उठाकर फरार
- चोर ने काटा सीसीटीवी कनेक्शन, पर कैश नहीं निकाल पाया



हरिभूमि न्यूज ▶▶|

बेमेतरा/नवागढ़/दाढ़ी

शुक्रवार-शनिवार की दरम्यानी रात करीब 1 बजे छिरहा गांव में भारतीय स्टेट बैंक का एटीएम चोर के निशाने पर था। अज्ञात चोर पहुंचा गैस कटर के साथ। सोचा होगा मिनटों में एटीएम कटेगा, नोटों की बरसात होगी और वो मजे से निकल जाएगा। जानकारी के मुताबिक, चोर ने सबसे पहले एटीएम और बैंक से जुड़े सीसीटीवी कैमरों का कनेक्शन काट दिया। 1 बजकर 8 मिनट पर कैमरों की रिकॉर्डिंग बंद हो गई। इसके बाद उसने मशीन के बाहरी लॉक को गैस कटर से काट दिया। अंदर का पैनल भी डैमेज हो गया, लेकिन जैसे ही असली कैश लॉकर सामने आया – उसकी सारी मेहनत बेकार हो गई। लॉकर का स्टील काटना उसके बस की बात नहीं थी। नाकाम चोर ने आखिर में एटीएम का यूपीएस ही उठा लिया और अंधेरे में फरार हो गया।

घटना की जानकारी मिलते ही सीएडीओपी कौशल्या साहू, थाना प्रभारी राजकुमार दिवाकर, फॉरेंसिक और सायबर टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने साक्ष्य इकट्ठा किए और आसपास के इलाकों में तलाशी ली। थाना प्रभारी ने कहा – एटीएम से कैश पूरी तरह सुरक्षित है। आरोपी की पहचान के लिए फॉरेंसिक और सायबर टीम काम कर रही है। जल्द गिरफ्तारी होगी।

हालांकि एटीएम का कैमरा बंद हो चुका था, लेकिन नजदीक एक घर पर लगे दूसरे कैमरे में रात 1 बजे एक संदिग्ध युवक मोटरसाइकिल पर एटीएम के आसपास हलचल करता दिखा है। पुलिस अब उसी फुटेज को खंगाल रही है।

**केस दर्ज, जांच तेज-** पुलिस ने इस मामले में बीएनएस की धारा 331, 4, 305(ई) एवं 324 के तहत अपराध दर्ज किया है। आसपास के गांवों और हाईवे पर संदिग्धों की तलाश जारी है।



## खबर संक्षेप



### बिहार पटना साहिब गुरुद्वारा की यात्रा से लौटे

**बेमेतरा।** पटना साहिब बिहार के 9 गुरुद्वारा साहिब की यात्रा करके लौटे सिक्ख श्रद्धालुओ का भव्य स्वागत चक्रधरपुर गुरुद्वारा कमेटी, राउरकेला गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी, बिलासपुर सिक्ख प्रबन्धक, कमेटी बेमेतरा संगत ने स्वागत किया। गौरतलब है कि सिक्ख समाज बेमेतरा के जिला अध्यक्ष हरदीप सिंघ राजा छाबड़ा के नेतृत्व में बेमेतरा, सिक्ख समाज के 150 संगत लोग पटना साहिब राजगीर शीतल कुंड साहिब के दर्शन के लिए गए थे। यात्रा से लौटने पर समाज के पदधिकारियों ने यात्रा के जत्थेदार हरदीप सिंघ राजा छाबड़ा, इंदर सिंघ दत्ता, यश सलूजा, गुरप्रीत कौर शैली छाबड़ा, श्रद्धालुओं का सिरोपाव साल भेट कर स्वागत सम्मान हुआ।

### नर्सिंग होम एक्ट का उल्लंघन पर होगी कार्रवाई : डॉ. रोहलेडर

**बेमेतरा।** जिले में संचालित निजी क्लिनिक, लैब एवं हॉस्पिटल को छत्तीसगढ़ राज्य उपचर्यागृह तथा रोगोपचार संबंधी स्थापना (अनुज्ञापन) अधिनियम 2010 एवं - नियम 2013 (नर्सिंग होम एक्ट) के प्रावधानों का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए गए हैं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अमृत लाल रोहलेडर ने कहा कि प्रत्येक - क्लिनिक, लैब एवं हॉस्पिटल के लिए अनुज्ञा पत्र (लाइसेंस) और पंजीयन अनिवार्य है। उन्होंने स्पष्ट किया कि बिना अनुमति संचालित किसी भी संस्था को अधिनियम का उल्लंघन माना जाएगा और ऐसे संस्थानों के विरुद्ध नियमित प्रक्रिया अनुसार कार्रवाई की जाएगी। लाइसेंस रहित-संस्थानों की जिम्मेदारी सीधे संचालक एवं प्रमुख चिकित्सक की होगी। मरीजों की सुरक्षा और गुणवत्तापूर्ण-स्वास्थ्य सेवाएं प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। सीएमएचओ ने संचालकों से अपील की है कि वे-नियमों का पालन करते हुए अपने संस्थान को पंजीकृत कराएं और मरीजों को बेहतर-स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने में प्रशासन का सहयोग करें।

### सेजेस कुसमी में पालक-शिक्षक बैठक संपन्न

**बेमेतरा।** स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेज़ी माध्यम विद्यालय, कुसमी शनिवार पालक-शिक्षक बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में शिक्षकों ने विद्यार्थियों की शैक्षणिक प्रगति एवं अनुशासन पर विस्तृत जानकारी दी। बैठक में अभिभावकों को बच्चों की पढ़ाई, गृहकार्य, उपस्थिति तथा सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों की जानकारी दी गई। शिक्षकों ने विद्यार्थियों की कमजोरियों एवं उनकी विशेष उपलब्धियों पर चर्चा करते हुए सुधार के सुझाव दिए, अभिभावकों ने भी विद्यालय की गतिविधियों की सराहना की तथा बच्चों के उज्ज्वल भविष्य हेतु अपने विचार रखे। अंत में शिक्षकों ने सभी अभिभावकों को उनके बहुमूल्य सुझावों के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।

**आंदोलन :** नियमितीकरण व ग्रेड-पे सहित 10 सूत्रीय मांगों को लेकर स्वास्थ्य कर्मियों का आंदोलन

# एनएचएम कर्मचारियों की हड़ताल 27वें दिन भी जारी, मांगों पर अड़े

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



- शासन से लिखित आश्वासन के बिना खत्म नहीं होगी हड़ताल : एनएचएम संघ

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के कर्मचारी संघ लगातार अनिश्चितकालीन हड़ताल पर 27वें दिन पर डटे हुए है। लेकिन शासन प्रशासन आज भी चिंता में दिखाई दे रहे है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के कर्मचारी नियमितीकरण, ग्रेड-पे सहित 10 सूत्रीय मांगों को लेकर लगातार कई गतिविधियों के माध्यम से अपनी आवाज उनके कानों तक पहुंचाने का प्रयास कर चुके है। लोग अपनी जान पर आए तो भाग जाते है पीछे हट जाते है वहां पर अपनी जान की परवाह किये बिना कोरोना वायरस महामारी जैसे बीमारी से लड़कर लोगों की जान बचाने में आतुर रहे। कई कर्मचारी कोरोना जैसे बीमारी से संक्रमित भी हुए जिनका नाम दफ्तरों और फाइलों में दबे हुए है। वही कई एनएचएम कर्मचारियों को कोरोना वायरस में लड़ाई लड़ें उसे सम्मानित भी किया गया। आज कर्मचारियों ने बताया कि पिछले 20 वर्षों से वे बिना कोई जॉब की सुरक्षा, कम वेतन और सीमित सुविधाओं में स्वास्थ्य जैसी महत्वपूर्ण सेवा में ग्रामीण से लेकर शहरी क्षेत्रों में कार्यरत है। कोरोना काल जैसी विषम परिस्थितियों में भी उन्होंने जनसेवा की। लेकिन लंबे समय से उनकी मांगों की अनदेखी की जा रही है। इससे कर्मचारियों में गहरा आक्रोश है। आज इन्हें खुद के लिए असुविधा के कारण से पीड़ति होना पड़ रहा है। एनएचएम कर्मचारियों ने हड़ताल में जाने से स्वास्थ्य व्यवस्था चरमाराई हुई है। जिलाध्यक्ष पूरन दास एवं प्रवक्ता बृजेश दुबे ने कहा कि जब तक मांगों पर शासन की ओर से लिखित आदेश जारी नहीं होता, आंदोलन इसी तरह जारी रहेगा। आज धरना स्थल में कर्मचारी बड़ी संख्या में डटे रहें। इस अवसर पर डॉ अभिषेक यादव, डॉ सुमित मिश्रा, डॉ लोकेश जोशी, डॉ तृप्ति दुबे, डॉ भारतीय यादव, डॉ नीलेश देवागन, तेज साहू, मनीष शर्मा, लोकनाथ साहू, प्रीतम बांधे चन्द्रिका साहू, बलवंत बंजारे, गोविन्द, गुलाब साहू, राजकमल ताम्रकार, गुलाब यदु, ज्योति साहू, विनोद सोनी सहित बड़ी संख्या में कर्मचारी उपस्थित थे।

## सड़कों पर अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ होगी कार्रवाई



विधायक एवं नपा अध्यक्ष ने शहर का निरीक्षण कर लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

शहरवासियो की मांग पर विधायक दीपेश साहू एवं नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा ने मुख्य बाजारों का निरीक्षण कर अतिक्रमणकारियों को कड़ी चेतावनी दी। विधायक साहू ने कहा कि शहर में किसी भी प्रकार का अतिक्रमण सहन नहीं किया जाएगा और न ही यातायात को बाधित होने दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि हर गली, हर मोड़ पर हमारा यही लक्ष्य है कि शहर मे स्वच्छ वातावरण, सुचारु यातायात, सुव्यवस्थित दुकाने एवं नागरिकों के लिए बेहतर सुविधाएं यही हमारा लक्ष्य है। क्योंकि हमारी प्रतिबद्धता है कि बेमेतरा का बाजार ना सिर्फ व्यापार का केंद्र बने बल्कि स्वच्छता और व्यवस्था का उदाहरण भी बने। वही नपा अध्यक्ष सिन्हा ने दुकानदारों से कहा कि दुकानों के आगे किसी प्रकार का अतिक्रमण नहीं होना चाहिए, अन्यथा पालिका प्रशासन द्वारा सख्त कार्यवाही की जाएगी। सिन्हा ने पालिका के अधिकारियो को भी निर्देश दिए कि समय-समय पर अभियान चलाया जाए ताकि बाजार में किसी तरह का अतिक्रमण न हो तथा दुकानदार अपने सामान को अपनी दुकान की सीमा के अंदर ही रखें। उन्होंने निरीक्षण के दौरान रेहड़ी लगाने वालों को भी चेतावनी दी कि वे केवल निर्धारित स्थानों पर ही अपनी रेहड़ी लगाएं, अन्यथा उन पर भी कार्रवाई किया जाएगा। उन्होंने शहर को सुंदर बनाने के लिए सभी की भागीदारी को महत्वपूर्ण बताया और कहा कि यह तभी संभव है जब शहर में अतिक्रमण न हो। उन्होंने दुकानदारों से सरकार द्वारा तय मानकों के अनुसार ही अपना सामान अपनी जगह में रखने का आग्रह किया।

## शाला परिवार ने राज्यपाल शिक्षक सम्मान प्राप्त करने वाले शिक्षकों का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



शासकीय प्राथमिक शाला कन्तेली में राज्यपाल शिक्षक सम्मान प्राप्त करने वाले शिक्षकों का सम्मान किया गया। इस अवसर पर वर्ष 2024 का राज्य शिक्षक सम्मान राज्यपाल पुरस्कार से सम्मानित शिक्षिका सुनीता राजपूत और वर्ष 2025 हेतु राज्य शिक्षक सम्मान राज्यपाल पुरस्कार हेतु नामित शिक्षिका आंचल वर्मा का शाला परिवार द्वारा सम्मान किया गया। सभी शिक्षकों ने दोनों ही राज्यपाल पुरस्कार से सम्मानित एवं चयनित शिक्षकों का पुष्पगुच्छ से अभिनंदन किया और उन्हें शाला परिवार की ओर से बधाइयां एवं शुभकामनाएं प्रेषित कीं। इस दौरान पुरस्कार प्राप्त शिक्षकों के लिए कहा गया कि उनके द्वारा जो कक्षा में मेहनत की गई है और नवाचार किया गया है, साथ ही साथ शिक्षा के क्षेत्र में जो योगदान दिया गया है, उसके लिए राज्य शासन ने जो इन्हें सम्मान दिया है, वह बहुत ही गर्व की बात है। विशेष रूप से दोनों ही शिक्षक ग्राम कन्तेली से आते हैं, जो शाला परिवार को गौरवान्वित करता है।

### कार्यक्रम में उपस्थित सदस्य

प्राथमिक शाला के प्रधान पाठिका शीतल राजपूत - पूर्व माध्यमिक शाला के प्रधान पाठक परसराम साहु - शिक्षक गितेश मिश्रा, प्रीति साहू, नीता देशमुख, प्रकाश सोनी और कनक उपस्थित रहे।

## दाढ़ी स्कूल में हुआ शिक्षक सम्मान समारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दाढ़ी



सांस्कृतिक कार्यक्रम और पुरस्कार वितरण किया गया

शासकीय प्राथमिक विद्यालय दाढ़ी में शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन बच्चों के द्वारा किया गया विभिन्न कार्यक्रम। प्राथमिक विद्यालय दाढ़ी में शिक्षक दिवस पर्व पर शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप मे विकास खंड शिक्षा अधिकारी कामनी महिलांग विशिष्ट अतिथि जनप्रतिनिधि अवधेश दुबे, सुरज साहू , गणेश यादव, शिबू जायसवाल एवम सेवा निवृत्त शिक्षक जवाहर सिंह राजपूत, जवाहर लाल वर्मा ,सुरेन्द्र दुबे, धरम दास चतुर्वेदी एवम कन्या शाला के प्राचार्य धर्मेंद्र ग्वालवंसी ,संकुल समन्वयक सोनेलाल चंद्राकर, ललित कुमार, सातवंशी सर उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की पूजा अर्चना किया गया। स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया उसके बाद सेवा निवृत्त शिक्षकों का सम्मान किया गया सम्मान समारोह के पश्चात जवाहर सिंह राजपूत ने गुरु शिष्य के महत्व पर प्रकाश डाला बच्चों को अच्छे पढ़ने लिखने के लिए प्रेरित किया गया। सुरेन्द्र दुबे ने बच्चों को गतिविधि से सीखना चाहिए इस पर प्रकाश डाला, जवाहर सिंह वर्मा द्वारा विभिन्न विषयों को सरल तरीके से सीखने के लिए प्रेरित किया गया, चतुर्वेदी सर ने बच्चों को अच्छे पढ़ने लिखने सीखने के आशीर्वचन दिए गए उसके बाद बच्चों का फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता रंगोली प्रतियोगिता डांस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें प्रथम दूसरा स्थान आने वाले बच्चों को पुरस्कार वितरण किया गया। सभी बच्चों को सांत्वना पुरस्कार दिया गया संस्था प्रमुख चंद्रभान सिंह धुर्वे ने सभी अतिथि का स्वागत सम्मान किया गया। मंच संचालक डाइट छात्र कुमारी निधि देवांगन ने किया डाइट छात्र सुमन साहू ऋतु धुर्वे शाहिस्ता ने बच्चों को गतिविधि के माध्यम से सिखाया गया। संस्था से महेश्वर सिंह चंदेल आरती गुप्ता प्रतिमा भंडारी भुनेश्वरी कुंभकार राजिम जायसवाल ललिता कुंभकार अनुसुइया निषाद डोमन धुर्वे कॉलेज छात्र अनुवय गुप्ता आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का आभार प्रकट चंद्रभान सिंह धुर्वे ने आभार व्यक्त किया गया।

## ग्रामीण इकाई अध्यक्ष बने हेमंत, प्रीतराम और खेमिन को उपाध्यक्ष का जिम्मा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवागढ़

साहू समाज मुरता ग्रामीण इकाई का चुनाव शनिवार को समरसता भवन में सर्वसम्मति से संपन्न हुआ। इस अवसर पर ग्राम पंचायत मुरता के पूर्व सरपंच हेमंत साहू को अध्यक्ष चुना गया। चुनाव प्रक्रिया में शेखर साहू को सचिव तथा कुंती दीपक साहू को सहसचिव की जिम्मेदारी सौंपी गई। वहीं महिला उपाध्यक्ष के रूप में खेमिन बाई साहू और पुरुष उपाध्यक्ष के रूप में प्रीतराम साहू का चयन किया गया।

नई जिम्मेदारियाँ मिलने पर ग्रामीणों ने सभी नव निर्वाचित पदाधिकारियों का फूल-मालाओं से स्वागत किया और बधाई दी। समाजजनों ने आशा जताई कि नई टीम समाज को नई दिशा और मजबूती प्रदान करेगी।

इस अवसर पर नवागढ़ जनपद पंचायत अध्यक्ष खोरबाहरा साहू, लोकेश साहू, भुखल्ला साहू, हीराराम साहू, शिवचरण साहू, विष्णु साहू, गणेश राम साहू, संतोष साहू सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।

## मोंहरेंगा स्कूल में मनाया शिक्षक दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मोंहरेंगा में विद्यार्थियों के द्वारा शिक्षक दिवस का आयोजन धुमधाम से आयोजित किया गया, वहीं शाला परिवार द्वारा सेवानिवृत्त व्याख्याता डॉ गोकुल बंजारे चंदन राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त शिक्षक का संस्था से सेवानिवृत्त होने पर भावभीनी विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस संयुक्त कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में सेवानिवृत्त शिक्षक डॉ गोकुल प्रसाद बंजारे व उनकी धर्मपत्नी कांतिप्रभा बंजारे रही, अध्यक्षता संस्था की प्राचार्या शिवबसंत टंडन ने किया। सर्वप्रथम अतिथियों व समस्त शिक्षकों द्वारा मां सरस्वती के छाया चित्र पर पूजा अर्चना व दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया, तत्पश्चात समस्त शिक्षकों का विद्यार्थियों के द्वारा पुष्प वर्षा ,गुलाल,पुष्प गुच्छ व माला पहनाकर, उपहार भेंट कर सम्मानित किया गया। संस्था प्राचार्या व समस्त व्याख्याताओं ने अपने विद्यालय से सेवानिवृत्त हुए व्याख्याता डॉ गोकुल बंजारे का शाल, श्रीफल एवं प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। प्राचार्या ने अपने उद्बोधन में कहा कि शिक्षक राष्ट्र निर्माता होते है, वे अपने अंदर निहित सभी गुणों को विद्यार्थियों में बांट देता है,ताकि विद्यार्थी उसे ग्रहण कर एक अच्छा आदर्श नागरिक बन सके। सेवानिवृत्त शिक्षक बंजारे ने अपने तिरालीस वर्षों की उत्कृष्ट शिक्षकीय अनुभवों को सुनाया। जो कि सभी शिक्षकों व विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादाई रहा ।

विद्यार्थियों द्वारा सेवानिवृत्त अपने अध्यापक को उपहार स्वरूप डायरी ,पेन,एच एम टी घड़ी सहित अन्य सामग्री भेंट कर सम्मानित किया। शिक्षकों व विद्यार्थियों ने भाषण, गीत, कविता आदि प्रस्तुत किये । इस अवसर पर शाला के वरिष्ठ व्याख्याता अंजु बारमते, व्याख्याता, व्याख्याता कु श्वेता निर्मल, देवकुमारी साहू व्यवसायिक प्रशिक्षक वेदप्रकाश देशमुख, कांतिप्रभा बंजारे, स्वच्छता कर्मचारी हेमंत साहू सहित शाला परिवार उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन कक्षा बारहवीं के छात्र जयप्रकाश साहू ने किया।



### नगर में चला स्वच्छता अभियान, तालाब की सफाई की गई

**साजा।** स्वच्छ भारत मिशन के तहत स्वच्छता अभियान की एक कड़ी में नगर पंचायत साजा में 13 सितम्बर को आयोजित की गई। इसमें विशेष अभियान चलाकर वार्ड 15 स्थित शहर के धरोहर कईहा तालाब की साफ - सफाई की गई, जिसमें नगर के उपाध्यक्ष प्रेरणा लाल, शौर्यजीत सिंह, मुख्य नगरपालिका अधिकारी बसंत कुमार लोन्हारे, पार्षदगण आशीष वर्मा, दुर्गा गोयल, गोपाल वर्मा, जनार्दन सिंह ठाकुर, जमुना जायसवाल, एवं लालशौर्यजीत सिंह, प्रकाश सिन्हा, नगर पंचायत के कर्मचारी, भारत भूषण ठाकुर, ठूबलु राम सिन्हा, केशव साहू, चंद्रप्रकाश वर्मा, शुभम टिकरिया, भूपेश सिन्हा, दुकलू वर्मा, रामकुमार सोनी, लच्छु कुर्रे, सुंदर सिन्हा, राजेश यादव, नंदकुमार यादव, सुरेश साहू, प्रकाश गोयल, बंटी श्रवण, अनिता श्रवण, सिमरन श्रवण सभी स्वच्छता दीदी व नगर के लोग भारी संख्या में उपस्थित थे। सभी के सहयोग से कईहा तालाब की सफाई कर कार्यक्रम को सफल बनाया गया। साथ ही उपस्थित सभी जनप्रतिनिधि, नगर पंचायत के कर्मचारी एवं नगर के लोगों ने स्वच्छता शपथ ली, जिसमें स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूक करने व सफाई में आम नागरिकों की भूमिका को बताते हुए प्रति वर्ष 100 घंटे के हिसाब से सप्ताह में 2 घण्टे नगर के सफाई के लिए श्रम दान करने कहा गया। नगर की सफाई के लिए यह एक महत्वपूर्ण योगदान है, जिसमें सभी को अपना सहयोग देना चाहिए व स्वच्छता के लिए प्रति सप्ताह केवल 2 घंटे श्रमदान देना चाहिए, जिससे नगर की सुंदरता व सफाई बनी रहे।

## ईमानदारी से किया कार्य आत्म-सम्मान और संतुष्टि प्रदान करता है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



- फैमिली कोर्ट एडवोकेट सरोज ने छात्रों को प्रेरक जीवन यात्रा और सफलता के सूत्रों से प्रेरित किया

ग्राम कठिया स्थित प्रेरणा विद्यालय में हायर लर्निंग सत्र का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य अतिथि के तौर पर एडवोकेट व काउंसलर, फैमिली कोर्ट दुर्ग सरोज सिंह रहीं। सरोज सिंह ने अपने जीवन के अनुभवों को साझा करते हुए विद्यार्थियों को न केवल शिक्षा बल्कि जीवन के हर क्षेत्र में सफल होने के लिए आवश्यक मूल मंत्र प्रदान किए। विदित हो कि श्रीमती सिंह पिछले 25 वर्षों से वकालत के क्षेत्र में सक्रिय हैं और समाज में उत्कृष्ट कार्य कर रही हैं।

उन्होंने बताया कि वे एक ऐसे पारिवारिक व सामाजिक पृष्ठभूमि से आती हैं, जहां बेटियों को अपने फैसले लेने का अधिकार नहीं था। तमाम कठिनाइयों और सामाजिक बंदिशों के बावजूद उन्होंने हार नहीं मानी और दृढ़ संकल्प से पढ़ाई कर लॉयर बनने का सपना साकार किया। सत्र के दौरान उन्होंने विद्यार्थियों को सफलता के लिए कुछ महत्वपूर्ण बिंदु बताए, जिनमें प्रमुख हैं – सुव्यवस्थित दिनचर्या: सुबह जल्दी उठना, रात को जल्दी सोना, वार्षिक पढ़ाई की योजना बनाना और उस पर अमल करना, सात्विक भोजन करना व स्वास्थ्य का ध्यान रखना।लिख-लिखकर पढ़ाई करना और नियमित रूप से रिवीजन करना।

उन्होंने बच्चों को यह भी बताया कि पढ़ाई के साथ-साथ डांस, म्यूज़िक, ड्रामा जैसी रचनात्मक गतिविधियों में भाग लेने से व्यक्तित्व का समग्र विकास होता है। श्रीमती सिंह ने अपने करियर के शुरुआती दिनों की चुनौतियों को साझा करते हुए बताया कि जब उन्होंने वकालत शुरू की, तब कोई उन पर विश्वास नहीं करता था। ऐसे में उन्होंने छोटे-छोटे लीगल कैंप लगाकर लोगों को बहुत ही कम फीस में कानूनी सलाह देना शुरू किया। धीरे-धीरे लोग जुड़ते गए और आज वे समाज में एक सशक्त और सम्मानित वकील के रूप में कार्यरत हैं। उन्होंने ईमानदारी को अपने कार्य का मूल मंत्र बताते हुए कहा, ईमानदारी से किया गया कार्य ही सम्मान, आत्म-सम्मान और आत्म-संतुष्टि प्रदान करता है। व्यक्तित्व विकास पर बात करते हुए श्रीमती सिंह ने कहा कि हमारे तीन प्रकार के शरीर होते हैं – सूक्ष्म शरीर, भाव शरीर और स्थूल शरीर, जब ये तीनों संतुलित होते हैं, तभी हम मानसिक, भावनात्मक और शारीरिक रूप से स्वस्थ रह पाते हैं और अपने कार्यों को बेहतर ढंग से कर सकते हैं। उन्होंने उपासना, साधना और आराधना को जीवन में केंद्रित करने योग्य तीन महत्वपूर्ण बिंदु बताते हुए कहा कि समय की कीमत को समझना और दैनिक जीवन को व्यवस्थित रखना सफलता की कुंजी है। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षकगण, छात्र-छात्राएं एवं अभिभावक उपस्थित रहे।

